भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 25.04.2023

आरेडिका की ट्रैकिंग टीम ने किया ''ओल्ड सिल्क रूट'' की जीप सफारी एवं ट्रैकिंग

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, खेल–कूद संघ द्वारा 16.04.2022 को एक 14 सदस्यों की टीम ओल्ड सिल्क रूट ट्रैकिंग हेतु भेजी गयी थी, जिसमें अभिनव यादव एसएमई/डिजाइन, अनिल कुमार श्रीवास्तव निजी सचिव एवं जनसंपर्क अधिकारी, त्रिलोचन अंथवाल कार्यशाला प्रबन्धक, सुबोध सिंह, चंद्र प्रकाश, उमेश सिंह, नंद किशोर, लालाराम, धर्मेन्द्र, राहुल, निकिता कटियार, मेघना, शीतल चित्रांशी गये थे। इस टीम का नेतृत्व वरिष्ठ खंड अभियंता अमिय श्रीवास्तव ने किया। इस ट्रैकिंग का आयोजन यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया पश्चिम बंगाल राज्य शाखा द्वारा किया गया।

टीम के सभी लोग 16 अप्रैल को दार्जलिंग से होते हुए बेस कैंप कॉलिंगपोंग पहुँचे जो न्यू जलपाईगुडी से 70 किलोमीटर की दूरी पर है। इस टीम ने दिनॉक 17 अप्रैल को 70 किलोमीटर पहाड़ी रास्तों पर जीप सफारी करके पहला पड़ाव 5000 फीट की ऊँचाई पर ''लिंगटाम'' पर किया। वहॉ पर 2 किलोमीटर की ट्रैकिंग हैंगिग ब्रिज तक किया।

दूसरे दिन दिनॉक 18 अप्रैल को अपनी जीप सफारी के दौरान टीम पदमचेन (7000फीट), बाबा हरभजन सिंह मंदिर (13000 फीट), नथांग वैली होते हुए एलिफैंटा लेक (13900 फीट) पर पहुँची तथा प्राकृतिक दृश्यों को देखते हुए वापस उसी रास्ते से होकर पदमचेन पहुँची। तीसरे दिन दिनॉक 19 अप्रैल को पूरे दल ने पदमचेन से शिलेरी गॉव (6000फीट) की 45 किमी की जीप सफारी की तथा शाम को 3 किमी का ट्रैक करके रॉमिटे सनसेट व्यूपॉइंट देखने पहुँची। चौथे दिन दिनॉक 20 अप्रैल को सुबह 5 बजे पूरी टीम ने 3 किमी की ट्रैकिंग पाइन के घने जगलों से होते हुए धनसेन फोर्ट तक किया। शिलेरी गॉव पर सभी को कम्पीलीशन सर्टिफिकेट देकर ट्रैकिंग एवं जीप सफारी का यह प्रोग्राम समाप्त हुआ। पूरे दल ने इस रोमांचकारी जीप सफारी एवं ट्रैकिंग को सफलता पूर्वक पूरा कर 22.04.2023 को वापसी की।

सभी के सकुशल एमसीएफ पहुँचने पर आरेडिका के महाप्रबन्धक श्री पी के मिश्रा ने दल के सभी सदस्यों को बधाई दी एवं आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कटियार ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार के और ट्रैकिंग कार्यक्रमों का आयोजन रेल कर्मियों के लिए किए जाते रहेंगे। इस आयोजन को यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ''शान ए अवध'' लखनऊ इकाई का विशेष योगदान रहा।

25/4/2023
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी